ont>

Need to place work order for construction of a new bridge on river Yamuna at Wazirabad, East Delhi. - Laid.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्वी दिल्ली के वजीराबाद पुल पर 18 नवम्बर, 1997 को एक बस दुर्घटना हुयी थी, जिसमें 28 बच्चों की मृत्यु हो गयी थी और 62 घायल हुए थे। इसकी जांच डिप्टी कमिश्नर की अध्यक्षता में करायी गयी थी, जिसमें उन्होंने इस दुर्घटना के लिए, जहां ट्रैफिक पुलिस को व बस ड्राईवर को दोाी पाया था, वहीं यमुना पार की बढ़ी हुयी आबादी भी एक कारण था, जिसके लिए इस पुराने पुल के साथ एक अतिरिक्त पुल के निर्माण का सुझाव दिया गया था, परन्तु लगभग 6 र्वा बीत जाने के बाद भी आज तक इस पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। जबकि यह मामला मैंने अनेकों बार संसद में उठाया और मुझे इसके उत्तर में बताया गया कि लगभग 130 करोड़ रूपये की लागत से एक नया पुल बनेगा, परन्तु अभी अभी जानकारी मिली है कि इसके एस्टीमेट बन गए हैं, परन्तु वर्क आर्डर नहीं हुआ है।

अतः आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इस पुल का निर्माण कार्य अविलम्ब शुरू किया जाए, जिससे ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति न हो सके और क्षेत्र के लोगों को यातायात की सुविधा मिल सके।